चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 10-10-25 | 06 | 3-5 |

राष्ट्रीय एकता शिविर शुरू • एचएयू में 17 प्रदेशों के 200 स्वयंसेवक पहुंचे

# एनएसएस युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने का माध्यम : प्रो. काम्बोज

भास्कर न्यूज़ | हिसार

एचएयू के कृषि कॉलेज में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ। विवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे। राष्ट्रीय एकता शिविर में विभिन्न 17 राज्यों से 200 स्वयंसेवक हिस्सा ले रहे हैं। शिविर का थीम यूथ फॉर माई भारत रखा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) युवाओं को समाजसेवा से जोड़ने का एक अटूट माध्यम है। युवाओं के व्यक्तित्व विकास में एनएसएस की अहम भूमिका होती है। भारत एक युवाओं का देश है। देश विकसित राष्ट्र तभी बनेगा जब भारत का युवा जागरूक होगा। राष्ट्रीय एकता शिविर में स्वयंसेवकों को समाज के प्रति अपने दायित्वों एवं वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को व्यापकता से समझने में मदद मिलेगी। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विव के स्वयंसेवकों ने समाज सेवा के कार्यों के साथ-साथ सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जागरुकता रैली निकाल कर प्रचार प्रसार करने में अहम भूमिका निभाई है।



हिसार | कार्यक्रम में संबोधित करते हुए एचएयू के वीसी प्रो. बीआर काम्बोज।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 10-10-25 | 02 | 1-4 |

## युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने का अटूट माध्यम है एनएसएस : काम्बोज

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। राष्ट्रीय एकता शिविर में विभिन्न 17 राज्यों से 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं तथा शिविर का थीम 'यूथ फार माई भारत' रखा गया है।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज को संबोधित करते हुए। • पीआरओ

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने का एक अटूट माध्यम है। युवाओं के व्यक्तित्व विकास में एनएसएस की अहम भूमिका होती है। भारत एक युवाओं का देश है। देश विकसित राष्ट्र तभी बनेगा जब भारत का युवा जागरूक होगा। एनएसएस युवाओं को समाज सेवा के महत्व, नेतृत्व क्षमता का विकास, समाज के कमजोर वर्ग की मदद तथा शारीरिक व मानसिक विकास की तैयारी पर जोर देता है। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास एवं सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करके हम समाज व राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता शिविर में स्वयंसेवकों को समाज के प्रति अपने दायित्वों एवं वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को व्यापकता से समझने में मदद मिलेगी। एनएसएस स्वयंसेवकों में नेतृत्व और संगठन कौशल का विकास करने के साथ-साथ समाज सेवा की भावना विकसित करने, राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने, व्यक्तित्व विकास सहित आपदा प्रबंधन, रक्तदान, पौधारोपण और स्वच्छता अभियान जैसे कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करता है।

### राष्ट्रीय एकता शिविर में होंगी विभिन्न गतिविधियां

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जाएगी। छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एसके पाहुजा ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 अक्टूबर को प्रात: 6 से 8 बजे तक योगा, 9 से 11 बजे तक शैक्षणिक सत्र, 11.30 से एक बजे तक मोटिवेशनल सेशन, दो बजे से 4 बजे तक गायन प्रतियोगिता, 4 से 5:30 बजे तक स्लोगन व रंगोली प्रतियोगिता तथा शाम को 6 से 8 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे, जिसमें हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली व जम्मू कश्मीर के स्वयंसेवक भाग लेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 10-10-25 | 04 | 4-6 |

## एन.एस.एस. युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने का अटूट माध्यमः प्रो. काम्बोज

हकृवि में राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ, 17 प्रदेशों के 200 स्वयंसेवक ले रहे हैं भाग

हिसार, 9 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। राष्ट्रीय एकता शिविर में विभिन्न 17 राज्यों से 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं तथा शिविर का थीम 'यूथ फॉर माई भारत' रखा गया है।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने का एक अटूट माध्यम है। युवाओं के व्यक्तित्व विकास में एन.एस.एस. की अहम भूमिका होती है।

भारत एक युवाओं का देश है। देश विकसित राष्ट्र तभी बनगा जब भारत का युवा जागरूक होगा। एन.एस.एस. युवाओं को समाज सेवा के महत्व, नेतृत्व क्षमता का विकास, समाज के कमजोर वर्ग की मदद तथा शारिरिक व मानसिक विकास की तैयारी पर जोर देता है। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास एवं सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करके हम समाज व राष्ट्र के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी का निर्वहन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता शिविर में स्वयंसेवकों को समाज के प्रति अपने दायित्वों एवं वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को व्यापकता से समझने में मदद मिलेगी।




*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज को संबोधित करते हुए व कार्यक्रम में उपस्थित श्रोतागण*

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस. के. पाहुजा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि शिविर में लघु भारत को दर्शाते हुए विभिन्न राज्यों से 200 स्वयंसेवक भाग ले रहें हैं जिनमें कर्नाटक, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, सिक्किम, गुजरात, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व हरियाणा राज्य शामिल है। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय एकता शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों को विभिन्न राज्यों की संस्कृति, वेशभूषा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को जानने का अवसर मिलेगा। डॉ. लोचन शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया। मंच का संचालन छात्रा यशिका ने किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 10-10-25 | 07 | 6-8 |

# एनएसएस युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने का अटूट माध्यम : प्रो. बी.आर. काम्बोज

हिसार, 9 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। राष्ट्रीय एकता शिविर में विभिन्न 17 राज्यों से 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं तथा शिविर का थीम 'यूथ फॉर माई भारत' रखा गया है। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने का एक अटूट माध्यम है। युवाओं के व्यक्तित्व विकास में एनएसएस की अहम भूमिका होती है। भारत एक युवाओं का देश है। देश विकसित राष्ट्र तभी बनेगा जब भारत का युवा जागरूक होगा। एनएसएस युवाओं को समाज सेवा के महत्व, नेतृत्व क्षमता का विकास, समाज के कमजोर वर्ग की मदद तथा शारीरिक व मानसिक विकास की तैयारी पर जोर देता है।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए।

विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास एवं सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करके हम समाज व राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता शिविर में स्वयंसेवकों को समाज के प्रति अपने दायित्वों एवं वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को व्यापकता से समझने में मदद मिलेगी। एनएसएस स्वयंसेवकों में नेतृत्व और संगठन कौशल का विकास करने के साथ-साथ समाज सेवा की भावना विकसित करने, राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने, व्यक्तित्व विकास सहित आपदा प्रबंधन, रक्तदान, पौधारोपण और स्वच्छता अभियान जैसे कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करता है। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों ने समाज सेवा के कार्यों के साथ-साथ सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जागरुकता रैली निकाल कर प्रचार प्रसार करने में भी अहम भूमिका निभाई है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस के पाहुजा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि शिविर में लघु भारत को दर्शाते हुए 17 राज्यों से 200 स्वयंसेवक भाग ले रहें हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 10-10-25 | 11 | 2-5 |

# युवाओं को समाजसेवा से जोड़ता है एनएसएस

- हकृवि में राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ, 17 प्रदेशों के 200 स्वयंसेवक ले रहे भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। राष्ट्रीय एकता शिविर में विभिन्न 17 राज्यों से 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं तथा शिविर का थीम 'यूथ फॉर माई भारत' रखा गया है। कुलपति प्रो.




हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज एवं अन्य अधिकारी।

काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने का एक अटूट माध्यम है। युवाओं के व्यक्तित्व विकास में एनएसएस की अहम भूमिका होती है। भारत एक युवाओं का देश है। देश विकसित राष्ट्र तभी बनेगा जब भारत का युवा जागरूक होगा। एनएसएस युवाओं को समाज सेवा के महत्व, नेतृत्व क्षमता का विकास, समाज के कमजोर वर्ग की मदद तथा शारीरिक व मानसिक विकास की तैयारी पर जोर देता है।

## ये रहे मौजूद

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि शिविर में लघु भारत को दर्शाते हुए 17 राज्यों से 200 स्वयंसेवक भाग ले रहें हैं जिनमें कर्नाटक, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, सिक्किम, गुजरात, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व हरियाणा राज्य शामिल है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, डॉ. चन्द्रशेखर डागर, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 10-10-25 | 05 | 4-5 |

## हकृवि में राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित

हिसार, 9 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जाएगी। यह जानकारी देते हुए छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस के पाहुजा ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 अक्तूबर को प्रात: 6 से 8 बजे तक योगा, 9 से 11 बजे तक शैक्षणिक सत्र, 11:30 से 1 बजे तक मोटिवेशनल सेशन, 2 बजे से 4 बजे तक गायन प्रतियोगिता, 4 से 5:30 बजे तक स्लोगन व रंगोली प्रतियोगिता तथा शाम को 6 से 8 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे, जिसमें हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली व जम्मू कश्मीर के स्वयंसेवक भाग लेंगे। इसी प्रकार 11 अक्तूबर को प्रात: 6 से 8 बजे तक खेल, 9 से 11 बजे तक शैक्षणिक सत्र, 11:30 से 1 बजे तक मोटिवेशनल सेशन, 2 से 5:30 बजे तक विश्वविद्यालय के म्यूजियम का भ्रमण तथा शाम को 6 से 8 बजे तक गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के स्वयंसेवक अपने-अपने प्रदेशों की पारंपरिक वेशभूषा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। डॉ. एस के पाहुजा ने बताया कि राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान 12 अक्तूबर को प्रात: 6 से 8 बजे तक रन एंड राइड, 9 से 11 बजे तक शैक्षणिक सत्र, 11:30 से 1 तक मोटिवेशनल सेशन, 2 से 5:30 बजे तक अग्रोहा के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शाम को 6 से 8 बजे तक आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कर्नाटक, महाराष्ट्र और सिक्किम के स्वयंसेवक भाग लेंगे। इसी प्रकार 13 अक्तूबर को प्रात: 6 से 8 बजे तक खेल, 9 से 1 बजे तक रक्तदान शिविर, 2 से 4 बजे तक भाषण प्रतियोगिता, 4 से 5:30 बजे तक कविता प्रतियोगिता तथा सांय 6 से 8 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 14 अक्तूबर को प्रात: 9 से 1 बजे तक स्वयंसेवकों से राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों का फीडबैक लिया जाएगा और इसके पश्चात दोपहर 2 बजे समापन समारोह का आयोजन होगा।